**ठगी** | 90 लाख की कथित ठगी से हिला वारासिवनी

# नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों का खेल?





**नवभारत, वारासिवनी।** जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित रूप से लाखों-करोड़ों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारासिवनी निवासी ब्रजकिशोर ठाकरे ने लालबर्रा-अमोली निवासी सुमित वृषिक के विरुद्ध पुलिस थाना वारासिवनी में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि सरकारी एवं आउटसोर्स नौकरियों में नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर वर्षों तक बेरोजगार युवाओं और उनके परिवारों से बड़ी रकम वसूली गई, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो नौकरी मिली और न ही राशि वापस की गई।

शिकायत के अनुसार पहले स्वयं ब्रजकिशोर से विभिन्न नौकरियों के नाम पर रकम ली गई। कुछ लोगों को आउटसोर्स पदों पर कार्य मिलने से उसका विश्वास और बढ़ा। इसके बाद उसने अपने परिचित बेरोजगार युवाओं की फाइलें भी उसके पास भेजना शुरू कर दीं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि कई युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, वेरिफिकेशन और चयन की प्रक्रिया बताई गई, लेकिन समय बीतने के बाद अधिकांश नियुक्तियां नहीं हुईं। जब लोगों ने पैसा वापस मांगना शुरू किया तो कथित रूप से बहानेबाजी और टालमटोल का दौर शुरू हो गया। कई मामलों में कथित नियुक्ति पत्रों की सत्यता पर भी सवाल खड़े हुए।

ब्रजकिशोर का कहना है कि जिन लोगों ने उसके माध्यम से राशि जमा की थी, उन्होंने पैसा वापस मांगने के लिए उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने और लोगों का विश्वास कायम रखने के लिए उसने अपनी माता की जमा पूंजी, परिवार के जेवर और निजी संपत्ति तक बेच दी। उसकी बहन ने भी ऋण लेकर मदद की। शिकायतकर्ता के अनुसार अब तक लगभग 40 लाख रुपये लोगों को अपनी ओर से लौटाए जा चुके हैं।

शिकायत में कहा गया है कि बैंक स्टेटमेंट, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, व्हाट्सएप चैट, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य डिजिटल साक्ष्य उपलब्ध हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि उसके तथा अन्य लोगों के माध्यम से आरोपी तक 80 से 90 लाख रुपये की राशि पहुंची। बृजकिशोर ने सभी वित्तीय लेन-देन की जांच की मांग की है।

ब्रजकिशोर ठाकरे ने आरोप लगाया है कि जब उसने अपनी और अन्य लोगों की राशि वापस मांगनी शुरू की तो उसें कथित रूप से धमकियां दी गईं। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसे यह कहा गया कि 'जो करना है कर लो, मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा।' इस कारण उसका परिवार मानसिक तनाव और भय के वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहा है।

पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि मामले में बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल भुगतान रिकॉर्ड और कथित नियुक्ति दस्तावेजों की गहन जांच कर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही यह भी पता लगाया जाए कि कथित रूप से प्राप्त धनराशि का उपयोग कहां और किस प्रकार किया गया।

क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के बीच यह प्रकरण चिंता का कारण बन गया है। लोगों का कहना है कि यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य और परिवारों की वर्षों की कमाई से जुड़ा गंभीर मामला है।

अब निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं कि प्रस्तुत शिकायत, बैंकिंग दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाता है तथा कथित पीड़ितों को न्याय कब तक मिल पाता है।

इस मामले मे ज़ब थाना प्रभारी सें चर्चा की गयी तो उन्होंने कहा ये मामला उनके संज्ञान मे नहीँ हैं जबकि पीड़ित ने थाना हाजिर होकर अपनी लिखित रिपोर्ट पोलिस को प्रस्तुत की हैं

### 'मैं आरोपी नहीं, सबसे पहला पीड़ित हूं'

ब्रजकिशोर ठाकरे का कहना है कि वह स्वयं इस पूरे प्रकरण का सबसे पहले शिकार बना। सहारा इंडिया में ऑडिटर के रूप में कार्यरत रहने के दौरान सेबी की कार्रवाई के बाद उसकी नौकरी चली गई थी। आर्थिक संकट के इसी दौर में उसकी मुलाकात सुमित वृषिक से हुई, जिसने बड़े अधिकारियों और नेताओं से संपर्क होने का दावा करते हुए विभिन्न विभागों में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया।

# आदिवासी बच्चों की मौत के मामले में कल बालाघाट बंद




**नवभारत, बालाघाट।** जिले के आदिवासी और बैगा अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के बीच बच्चों की हुई कथित मौतों के मामले ने अब बड़ा आंदोलन का रूप ले लिया है। करीब 30 आदिवासी बच्चों की मौत के मामले में लगातार धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और आवेदन देने के बावजूद मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए आदिवासी समाज ने 3 सितंबर को बालाघाट बंद का आह्वान किया है। मंगलवार शाम धरना स्थल पर आयोजित पत्रकार वार्ता में समाज के पदाधिकारियों ने बंद को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट की।समाज ने साफ किया है कि बंद के दौरान अस्पताल, एंबुलेंस, दवा दुकान, स्कूल, कॉलेज, रसोई गैस सहित अन्य आवश्यक और इमरजेंसी सेवाओं को बंद से मुक्त रखा जाएगा। वहीं बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बस एवं अन्य परिवहन सेवाएं, सब्जी मंडी सहित अधिकांश व्यावसायिक गतिविधियां बंद रखने का आह्वान किया गया है।

आदिवासी समाज के पदाधिकारियों के अनुसार 3 सितंबर के बंद को विभिन्न व्यापारी संगठनों, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, बस एसोसिएशन, मंडी व्यापारी संघ सहित अन्य संगठनों का समर्थन मिला है। समाज ने व्यापारियों और नागरिकों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।पदाधिकारियों का कहना है कि यह बंद केवल विरोध दर्ज कराने के लिए नहीं, बल्कि आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक स्थिति और बच्चों की मौत के मामले में जिम्मेदारी तय कराने के लिए किया जा रहा है। उनका आरोप है कि लंबे समय से आवेदन, निवेदन और धरना-प्रदर्शन किए जाने के बाद भी उनकी प्रमुख मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

बालाघाट बंद के दौरान धरना स्थल पर विशाल आमसभा का आयोजन किया जाएगा। आमसभा के बाद आदिवासी समाज और विभिन्न संगठनों के लोग संयुक्त रूप से नगर में रैली निकालेंगे। रैली के माध्यम से लोगों को मामले की जानकारी देने के साथ शासन-प्रशासन से जवाब मांगने की बात कही गई है।

रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद आदिवासी समाज और विभिन्न संगठनों की ओर से संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाज की प्रमुख मांगों में जिला स्वास्थ्य एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा प्रभावित क्षेत्रों के बीएमओ को हटाने/बर्खास्त करने, बच्चों की मौत के मामले में जिम्मेदारी तय करने तथा शासन द्वारा प्रभावित परिवारों को दी जा रही मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग शामिल है।

## एक नजर में

### अनिकेत शांडिल्य ने बैहर एसडीएम का कार्यभार संभाला

**बैहर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2024 बैच के अधिकारी अनिकेत शांडिल्य ने आज 30 अगस्त को बैहर एसडीएम का कार्यभार संभाल लिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अर्पित गुप्ता को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बड़वानी का कार्यभार ग्रहण करने के लिए बैहर एसडीएम के कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है।

### नन्द कुमार सिंह तोमर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त



**बालाघाट।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार की अनुशंसा पर नन्द कुमार सिंह तोमर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ भारत, शाखा-बालाघाट (मध्यप्रदेश) पुरुष ग्रुप को नियुक्त किया गया है। वे अपने स्तर पर पदाधिकारियों का मनोनयन, राजपूत समाज एवं अन्य रचनात्मक कार्य को सम्पादित करेंगे।

### हनुमान मन्दिर में भंडारा का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** सर्व ब्राह्मण समाज बालाघाट की ओर से आज सालेटेका के आगे मररी रोड में स्थित सिद्ध हनुमान मन्दिर में भंडारा का आयोजन सर्व समाज के लिए सुनील मिश्रा के पुत्र के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हमारे अध्यक्ष राजेश पाठक जी के मार्गदर्शन में किया किया गया जिसमें विशेष सहयोग संदीप तिवारी, सुनील मिश्रा, मोनू मिश्रा एवं पंकज जैन का रहा ।

### घर के बाहर टहल रहे रेल्वे अधिकारी से लूट

**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत बीएसएनएल कार्यालय के पास टहल रहे रेल्वे अधिकारी से भी लूट हुई। पुलिस ने बताया कि उमेश चंद्र पाण्डे 58 वर्ष निवासी बाई का बगीचा घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेल्वे विभाग जबलपुर में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। कार्यालय के सामने टहलते हुये जा रहा था तभी पीछे से स्कूटर में एक लड़का आया और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन लिया।

# सड़क किनारे अतिक्रमण को नपा करेगी व्यवस्थित : प्रदीप जायसवाल



**नवभारत, वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद मे आज मंगलवार को जनता दरबार के माध्यम से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने नागरिको से सीधा संवाद, उनकी समस्याओ को सुनकर समाधान की दिशा मे आवश्यक पहल की। आज भी जनमानस की भारी भीड ने साबित कर दिया की जनता भी एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार की समस्याओ के समाधान के प्रयास को बेहद पंसद कर रही है।

जनता दरबार मे आज वार्ड एक पारस नगरी से लगभग आधा दर्जन महिलाओ ने आकर शिकायत दर्ज करायी की अधिक संख्या मे मकान निर्माण के बाद भी सडक व नाली की कमी सभी को महसूस हो रही है। इस कमी के कारण रास्तो मे कीचड व बरसात के पानी के जमाव ने परेशानीयो को बडा दिया है। साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिये विधूत खंबो की समस्या भी परेशानी का सबब बन रही है। इस समस्या को गंभीरता से लेकर नपा प्रशासन ने अधिकारीयो को स्थल निरिक्षण कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के तत्काल निर्देश प्रदान किये है। इसी तरह नेहरू चैक के हाथ ठेला संघ ने एक साथ आकर अवगत कराया की उनके टीन शैड के नीचे साफ सफाई सहित बैठने की व्यवस्था अति आवश्यक है।

# देवजी नेत्रालय ने जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके को किया सम्मानित

**एक माह में 26 शिविर लगाकर 500 से अधिक बुजुर्गों का किया इलाज**



**नवभारत, खैरलाँजी।** देवजी नेत्रालय जबलपुर ट्रस्ट द्वारा बालाघाट सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी अभियान के तहत खैरलांजी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके ने अपने क्षेत्र के 26 गांवों में शिविर लगवाकर 500 से अधिक मोतियाबिंद मरीजों को उपचार के लिए देवजी नेत्रालय जबलपुर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस कार्य के लिए नेत्रालय की टीम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जानकारी के अनुसार, प्रकाश ऊके ने अगस्त माह में गांव-गांव पहुंचकर बुजुर्ग महिला-पुरुषों को मोतियाबिंद के प्रति जागरूक किया।

शिविरों के माध्यम से मरीजों का प्राथमिक परीक्षण कराया गया तथा उन्हें निशुल्क बस के माध्यम से जबलपुर स्थित देवजी नेत्रालय पहुंचाया गया। बताया गया कि कई ऐसे बुजुर्ग मरीज भी थे, जिन्हें आंखों की रोशनी कम होने के कारण आने-जाने में परेशानी होती थी। ऐसे मरीजों को उनके घर से वाहन अथवा अपनी बाइक के माध्यम से शिविर और बस तक पहुंचाने में भी सहयोग किया गया।

# लामता में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का 2 मिनट तक स्टापेज किया जाए : मधु भगत



**नवभारत, बालाघाट।** जिले के परसवाड़ा विधानसभा के विधायक मधु भगत ने महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को पत्र लिखकर मांग किया है कि करोड़ों रूपये का राजस्व देने वाले ग्राम लामता रेल्वे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का 2 मिनट तक ठहराव (स्टापेज) सुनिश्चित किया जाए । लगभग 6 माह से मेरे विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा के ग्राम लामता रेल्वे स्टेशन के आस-पास के 40 गांव के ग्रामीण इस विषय को लेकर आंदोलित हैं कि लामता रेल्वे स्टेशन पर गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव (स्टापेज) 2 मिनट का सुनिश्चित किया जावें।

इस संदर्भ में दिनांक 06 सितम्बर 2026 को पुन: एक बार 'लामता बंद' का आवाहन आम जनता द्वारा किया गया हैं। लामता रेल्वे स्टेशन से रेल्वे को यात्रियों के माध्यम से जो राजस्व प्राप्त हो रहा हैं। वह इस बात को सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त हैं कि लामता रेल्वे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जा सकता हैं। 06 सितम्बर के आंदोलन के पूर्व लामता क्षेत्र वासियों की यह मांग पूर्ण कि जावें, अन्यथा सम्पूर्ण जवाबदारी रेल्वे प्रशासन की होगी।

विगत वर्ष रेल विभाग द्वारा यह पत्र जारी किया गया था कि पेंचवेली एक्सप्रेस जो नैनपुर से भोपाल इंदौर जाती हैं उसे विस्तारित कर बालाघाट, गोंदिया किया जा रहा हैं लेकिन इस विषय पर आज दिनांक तक कोई अमल नहीं किया गया हैं जिससे हमारे क्षेत्र की सम्पूर्ण जानता में भारी असंतोष हैं।

अंत में विधायक मधु भगत ने डीआरएम बिलासपुर एवं नागपुर से पत्र के माध्यम से कहा कि अत: जल्द से जल्द पेंचवेली एक्सप्रेस को गोंदिया-बालाघाट से प्रारंभ कर इसका भी 2 मिनट का ठहराव (स्टापेज) लामता स्टेशन में सुनिश्चित किया जावें।

# सीएमएचओ ने बैहर, परसवाड़ा और लामता स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण




**नवभारत, बैहर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने आज 31 अगस्त को जिले के स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सिविल अस्पताल बैहर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता का विजिट किया।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं, साफ-सफाई तथा मरीजों के उपचार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को मौसमी बीमारियों को लेकर सतर्क रहने तथा मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सीएमएचओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बैठक में अधिवक्ताओं की समस्याओं पर की गई चर्चा

**जबलपुर।** मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार सोमवार, 31 अगस्त को जिला न्यायालय में जिला स्तरीय रिड्रेसल ऑफ ग्रेविएंसेज कमेटी (शिकायत निवारण समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के साथ जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं सचिव शैलेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। संघ अध्यक्ष एवं सचिव ने अधिवक्ताओं द्वारा संघ के समक्ष रखी गई विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को समिति के समक्ष प्रमुखता से उठाते हुए उनके निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की।

**पार्किंग व्यवस्था, लिफ्ट की समस्या पर हुई बातचीत** - बैठक में प्रतिलिपि विभाग में ऑनलाइन समस्याओं, समरी चालान पेश होने में आ रही दिक्कतों, न्यायाधीशगण के अधिवक्ताओं के प्रति कथित तानाशाही रवैये, पार्किंग व्यवस्था, लिफ्ट की समस्या, बेसमेंट में पानी के रिसाव तथा गेट नंबर-4 के समीप सीवर संबंधी समस्या सहित अन्य मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संघ अध्यक्ष एवं सचिव की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र एवं तत्परता से निराकरण का आश्वासन दिया।

# पीवीटीजी गांवों में पहुंच रही जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट, ग्रामीणों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं




**नवभारत, बालाघाट।** जिले के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह बहुल एवं अति पिछड़े गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रतिदिन दो गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार कर रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जनवरी 2025 में राज्य शासन द्वारा बालाघाट जिले को चार मोबाइल मेडिकल यूनिट उपलब्ध कराई गई थीं। इनका संचालन साईं राम टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में ये मोबाइल मेडिकल यूनिट बालाघाट, बैहर, परसवाड़ा एवं लांजी विकासखंड के अति पिछड़े एवं पीवीटीजी गांवों में नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रही हैं।

प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में छह सदस्यीय चिकित्सीय दल तैनात है। दल द्वारा गांवों में पहुंचकर मरीजों की स्वास्थ्य जांच की जाती है और आवश्यकता के अनुसार तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाता है। मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की जाती हैं।

**परेशानी** | 40 में से 30 पोल की लाइटें बंद, गुणवत्ताहीन कार्य की खुली पोल

# कटंगी शहर के मुख्य मार्ग में अंधेरा कायम





**नवभारत, कटंगी।** कटंगी नगर परिषद् द्वारा दो वर्ष पूर्व डिवाइडर बना कर विधुत पोलों पर लगाई गई लाईट कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती गई गुणवत्ता हिन सामाग्री उपयोग करने की पोल अब खुलने लगी है। डिवाइडर पर एलईडी का फ्यूज होना केबल खराब होने का मूल कारण बताया जा रहा है जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिसका ही कारण है कि डिवाइडर पर अधिकांश एल ई डी फ्यूज हो गये हैं।

कटंगी शहर के 15 वार्ड लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में बसे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा समस्या मुख्य मार्ग में डिवाइडर पर लगे विद्युत पोलों की है। पोल लगे हुए हैं, लेकिन उनकी लाइटें पिछले 2 महीनों से बंद पड़ी हैं।

### शोपीस बन गए 40 पोल

वार्ड 11 उड़िया मोहल्ले से लेकर वार्ड 1 अर्जुन नाला तक डिवाइडर पर लगे विद्युत पोल शोपीस बनकर रह गए हैं। यहां 50 पोलों में से 40 पोलों की लाइटें धीरे-धीरे बंद हो गईं। कुछ दिन पहले नगर परिषद के कर्मचारियों को काम करते देखा गया था, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

**प्रभारी अध्यक्ष बोलीं - वारासिवनी से गाड़ी आएगी-** इस मामले में जब नगर परिषद की प्रभारी अध्यक्ष धमकला देशमुख से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकारी को बोल दिया गया है। डिवाइडर की हाइट ऊंची है, हमारे पास जो मशीन है वह छोटी है। वारासिवनी से गाड़ी आएगी और लाइट ठीक हो जाएगी।'

**पार्षद बोले - सिर्फ आश्वासन मिल रहा-** वार्ड 11 के पार्षद मनीष चौकसे ने बताया कि बालाघाट मुख्य मार्ग पर वार्ड 11 में 40 में से 30 पोल बंद हैं। इस संबंध में नगर परिषद की बैठक में प्रभारी अध्यक्ष के सामने बात रखी गई थी, लेकिन हर बार वारासिवनी से गाड़ी आने का आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। जनता पूछ रही है कि और कितने दिन अंधेरे में रहना पड़ेगा? वहीं, विद्युत विभाग के प्रभारी का कहना है कि केबल में खराबी है, पूरा केबल बदलना पड़ेगा, तभी लाइटें शुरू हो पाएंगी।



# अपर कलेक्टर और सहायक ग्रेड-2 को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**नवभारत, बालाघाट।** अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे ने 34 वर्ष की शासकीय सेवा तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 रजनी श्रीवास्तव ने 39 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर 31 अगस्त 2026 को अपने पद से सेवानिवृत्ति ली।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोनों अधिकारियों-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में कलेक्टर कुमार सत्यम, जिला पंचायत सीईओ तनुश्री मीणा, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, विजय यादव, एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्रीश प्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री धुर्वे की पत्नी एवं दोनों बेटियां भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर कलेक्टर कुमार सत्यम ने कहा कि 31 अगस्त का दिन संयोग का दिन है। इसी दिन जिला पंचायत सीईओ सुश्री तनुश्री मीणा ने बालाघाट का कार्यभार संभाला और अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। यह एक पीढ़ी के जाने और दूसरी पीढ़ी के आने जैसा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में अपर कलेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (मेरे) श्री रामविलास मसकरे, पिता श्री शोभेलाल मसकरे, जाति लोधी, निवासी ग्राम नवेगांव (ख), तहसील खैरलांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.) की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम डोंगरिया, पटवारी हल्का नं. 3/20, रा.नि.मं. व तहसील खैरलांजी, जिला बालाघाट स्थित खसरा नं. 97/33, कुल रकबा 0.012 हेक्टेयर (परिवर्तित भूमि) है।

उक्त भूमि मेरे द्वारा विक्रेता श्री पुरनलाल लिलहारे, पिता श्री अन्तु लिलहारे से पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीकरण क्रमांक MP01042016A1495688 दिनांक 24/08/2016 के माध्यम से क्रय की गयी थी। उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र (मूल रजिस्ट्री) निष्पादन के पश्चात कहीं गुम/खो गया है, जिसकी सूचना पुलिस थाना खैरलांजी में दिनांक 22/08/2026 को दर्ज करा दी गई है।

वर्तमान में मेरे द्वारा उक्त भूमि को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा वारासिवनी में बंधक रखकर ऋण (Loan) प्राप्त किया जा रहा है।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को उक्त संपत्ति, मूल विक्रय पत्र अथवा इस बंधक प्रक्रिया पर किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा या हित निहित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने साक्ष्य एवं दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी को या संबंधित बैंक शाखा को सूचित करें। समय सीमा समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा एवं बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

हस्ताक्षर:
रामविलास मसकरे
पता: निवासी ग्राम नवेगांव (ख), तहसील खैरलांजी